भोपाल | बुधवार । 01 अक्टूबर 2025 । वर्ष 69 । अंक 238 । पृष्ठ 20 । मूल्य रु. 6.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से






### 9वां दिन मां सिद्धिदात्री

शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा करने का विधान है. 1 अक्टूबर को नवमी पर दुर्गा माता के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधिवत पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है. देवी पुराण के अनुसार, भगवान शंकर ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था. शस्त्रों में सिद्धिदात्री माता को सिद्धि और मोक्ष की देवी के रूप में दर्शाया गया है.

**पूजा विधि:** सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद मां दुर्गा को गंगाजल से स्नान कराएं। मां को सफेद रंग के वस्त्र पहनाएं और मां को श्रृंगार का सामान अर्पित करें व भोग लगाएं। मां सिद्धिदात्री के मंत्रों का जाप करें और मां की आरती उतारें।

**भोग-** नवमी पर माता को चना, पूड़ी, मौसमी फल, खीर, हलवा या नारियल का भोग लगाएं।

**मां सिद्धिदात्री मंत्र**
**देवी सिद्धिदात्र्यै नमः॥**

# जंग रोकने को तैयार इजराइल

## नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति से वॉशिंगटन डीसी में की मुलाकात

**नई दिल्ली 30 सितंबर.** ट्रम्प ने वाशिंगटन की यात्रा पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार को व्हाइट हाउस में बातचीत के बाद गाजा में संघर्ष समाप्तकरने की एक व्यापक योजना की घोषणा की. उसके तहत गाजा से संचालित आतंकवादी गतिविधियां बंद होंगी और गाजा पट्टी का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा. योजना में हमास के कब्जे में पड़े बंधकों की वापसी और इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए कुछ फिलिस्तीनियों की रिहाई का भी प्रस्ताव है.



### ट्रंप और नेतन्याहू की प्रेस कॉन्फ्रेंस

मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की. ट्रंप ने कहा कि गाजा में युद्ध तुरंत बंद होगा, अगर हमास इस योजना को स्वीकार करता है. उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना में बंधकों और कैदियों की रिहाई, हमास के हथियारों का निष्कासन, और गाजा में अस्थायी प्रशासन बोर्ड की स्थापना शामिल है. नेतन्याहू ने भी पुष्टि की कि इजराइल शांति की दिशा में प्रतिबद्ध है, लेकिन योजना के कार्यान्वयन में सुरक्षा और क्षेत्रीय हितों का ध्यान रखा जाएगा.

### सीजफायर प्लान के 20-पॉइंट

- तुरंत युद्ध रोकना, इजराइल का पीछे हटना, बंधकों की रिहाई, कैदियों की रिहाई, शवों का आदान-प्रदान, गाजा को आतंक मुक्त बनाना, हमास प्रशासन में शामिल नहीं, अंतरिम प्रशासन समिति, शांति बोर्ड की स्थापना, पुनर्निर्माण योजना, मानव सहायता, विशेष व्यापार क्षेत्र, लोगों की आजादी
- **सुरक्षा बल** : पुलिस की ट्रेनिंग, सीमा सुरक्षा, लड़ाई बंद, मानवाधिकार सुनिश्चित, शांति बातचीत
- **भविष्य की योजना** : इस योजना का उद्देश्य गाजा में स्थायी शांति, विकास और बेहतर जीवन सुनिश्चित करना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष रुकवाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना का स्वागत किया है और विश्वास जताया कि संबंधित पक्ष इसको स्वीकार करेंगे. मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में कहा, हम राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं. कहा कि यह योजना फिलिस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है. उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे.

# 12 जिलों के कलेक्टर बदले

- सुरेश कुमार कमिश्नर चंबल संभाग पदस्थ
- डिंडोरी, नरसिंहपुर, सिवनी महिला कलेक्टरों की प्रयोगशाला बने
- दो कलेक्टर ही कलेक्टरी बचाने में रहे कामयाब




### तन्वी हुड्डा को अतिरिक्त प्रभार

तन्वी हुड्डा अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग इंदौर को मौजूदा जिम्मेदारी के साथ श्रम आयुक्त मप्र इंदौर का प्रभार भी अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है.

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 सितंबर. राज्य सरकार ने मंगलवार देर शाम बहुप्रतीक्षित बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करते हुए छिंदवाड़ा, भिंड, नरसिंहपुर सहित 12 जिलों के कलेक्टर बदल दिए हैं. पिछले एक पखवाड़े से इस सर्जरी का इंतजार प्रशासनिक गलियारों में बना हुआ था. आखिरकार अब आदेश जारी कर दिए हैं. इस प्रशासनिक सर्जरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 24 अफसर प्रभावित हुए हैं.**

जैसे कि संभावना थी भाजपा विधायक से विवाद के बाद भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को कभी भी हटाया जा सकता है. आखिरकार वही हुआ, उनकी अब मैदानी पदस्थापना से वापसी हो गई है और उन्हें अपर सचिव लोक निर्माण विभाग बनाया गया है. उनके स्थान पर किरोड़ी लाल मीना को जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं लंबे समय से विपक्ष के निशाने पर रहे छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह को भी मैदानी पदस्थापना से हटा लिया गया है, उन्हें अब अपर सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग पदस्थ किया गया है. उनके स्थान पर भोपाल नगर निगम के आयुक्त की कमान संभाल रहे हरेन्द्र नारायण सिंह को उनके काम का इनाम देते हुए उन्हें छिंदवाड़ा जिले का कलेक्टर बनाया गया है. इसी तरह एक और विवादित कलेक्टर नेहा मारव्या को भी डिंडोरी जिले से हटा दिया गया है. अंजू पवन भदौरिया को अब डिंडोरी जिले की जिम्मेदारी दी गई है. महज दो जिलों के कलेक्टर अपनी कलेक्टरी बचाने में कामयाब हुए हैं. उन्हें एक से दूसरे जिले में भेजा गया है. इनमें निवाड़ी कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और नरसिंहपुर कलेक्टर शीतला पटले शामिल है. जांगिड़ को अपेक्षाकृत बड़े जिले में शुमार मुरैना जिले में पदस्थ किया गया है, वहीं बाकी 10 कलेक्टर को मैदानी जिम्मेदारी से वापस बुला लिया गया है वहीं श्रीमती पटले को अब सिवनी जिले की कमान दी गई है. पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार को कलेक्टरी के बाद सीधे संभागायुक्त चंबल संभाग की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. इस तरह बाकी 9 कलेक्टर को मैदानी जिम्मेदारी से वापस बुला लिया गया है. सबसे बड़ी बात कि कभी पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के सबसे करीबी अफसर रहे नीरज कुमार वशिष्ठ की डॉ. मोहन यादव की सरकार में एक बार फिर मुख्य धारा में वापसी हो गई है, उन्हें पांढुर्णा जिले का कलेक्टर बनाया गया है. इधर तीन जिले महिला कलेक्टरों की नई प्रयोगशाला बन गये हैं. इनमें डिंडोरी, सिवनी और नरसिंहपुर शामिल है. यहां पहले भी महिलाएं ही कलेक्टर थी और अभी भी यहां जिले की कमान महिला अफसरों को सौंपी गई है.

शेष खबर पेज 12 पर

## एक नजर में

### विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने श्रीलंका को हराया

**नई दिल्ली.** भारतीय महिला टीम ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है. टीम ने मंगलवार को ओपनिंग मैच में श्रीलंका को 59 रन के बड़े अंतर से हराया. गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में 271 रन चेज कर रही श्रीलंकाई टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई. दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके. स्नेह राणा को 2 विकेट मिले. श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू (43 रन) ने सबसे ज्यादा रन बनाए. इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए इंडिया ने 47 ओवर में 8 विकेट खोकर 269 रन बनाए.

(विस्तृत खबर पेज 8 पर)

### प्लांट का 30 फीट ऊंचा स्लैब गिरा, 9 की मौत

**चेन्नई.** एननोर थर्मल पावर प्लांट की कंस्ट्रक्शन साइट में मंगलवार शाम 30 फीट की ऊंचाई से लोहे के स्लैब का हिस्सा गिर गया. इसके नीचे दबने से 9 मजदूरों की मौत हो गई और 1 घायल है. पुलिस के मुताबिक यहां लोहे का ऊंचा स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा था, जिसका कुछ हिस्सा नीचे खड़े मजदूरों पर गिर गया. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है. स्लैब किस कारण ढहा, इसकी जांच की जा रही है. पीएम मोदी ने प्लांट हादसे पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता दी जाएगी.

## गुस्ताखी माफ




# ईडी का पाथ इंडिया ग्रुप पर शिकंजा

## टोल प्रोजेक्ट और बैंक लोन घोटाले की जांच में छापामारी

- मुख्यालय व निदेशकों के घरों से दस्तावेज जब्त
- हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग के तार तलाश रही एजेंसी

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 30 सितम्बर. ईडी ने मंगलवार सुबह इंदौर और महू में पाथ इंडिया ग्रुप के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की.**

पांच से छह वाहनों के काफिले के साथ पहुंची टीम ने महू की 76 माल रोड स्थित कंपनी मुख्यालय सहित डायरेक्टर्स के घरों पर एक साथ दबिश दी. शुरुआती जांच में टोल सड़कों और अन्य प्रोजेक्टों में गड़बड़ियों की शिकायतों और अनिल अंबानी से जुड़े बैंक लोन घोटाले के तार सामने आ रहे हैं. अनिल अंबानी समूह की एक कंपनी और पाथ ग्रुप के बीच हुए निर्माण समझौतों की आड़ में करोड़ों रुपए का हेरफेर किया.

### यह जुड़े हैं कंपनी से

पाथ ग्रुप के एमडी नितिन अग्रवाल हैं, जबकि निपुण अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, नीति अग्रवाल और संतोष अग्रवाल निदेशक के तौर पर जुड़े हुए हैं. इनके अलावा आशीष अग्रवाल और आदित्य उपाध्याय स्वतंत्र निदेशक के पद पर हैं.

# पटना में फाइनल लिस्ट में बढ़े 1.63 लाख वोटर्स

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची जारी, संशोधन हुए

**पटना 30 सितंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले चुनाव आयोग ने राज्य की फाइनल वोटर सूची जारी की है. विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी है. इसमें पटना में ड्राफ्ट लिस्ट के मुकाबले 1.63 लाख वोटर्स बढ़ गए हैं.**



आयोग के अनुसार, अब कोई भी मतदाता आधिकारिक पोर्टल https://voters.eci.gov.in/ पर जाकर अपने नाम और विवरण को देख सकता है. वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने से ही मतदान का अधिकार सुनिश्चित होता है, इसलिए आयोग ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी प्रविष्टियां अवश्य जांच लें. विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, मृतकों और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाया गया है तथा जिन मतदाताओं ने अपना स्थानांतरण कराया था, उनके पते अपडेट किए गए हैं.

बता दें कि एसआईआर प्रोसेस शुरू होने से पहले बिहार में कुल 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 वोटर्स थे. एसआईआर प्रोसेस 25 जून से शुरू हुआ था. 1 अगस्त को जारी फॉर्मेट वोटर लिस्ट में 7 करोड़ 24 लाख 5 हजार 756 वोटर्स का नाम था, जिसमें 65.63 लाख लोगों का नाम कटा हुआ था. फॉर्मेट लिस्ट जारी होने के बाद चुनाव आयोग ने 3 लाख लोगों को नोटिस दिया था.

# भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का निधन

**नई दिल्ली 30 सितंबर. भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया. वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे. एम्स ने आज सुबह उनकी मौत की जानकारी दी.**



मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे. वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे.

# बलूचिस्तान बम धमाके में दस मरे, 30 लोग घायल

**इस्लामाबाद, 30 सितंबर (वार्ता) पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में सेना के मुख्यालय के निकट मंगलवार को हुए एक जोरदार बम धमाके में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए.**

कुछ सुरक्षा सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन को सेना के फ्रंटियर कोर मुख्यालय के मुख्य द्वार से टकरा दिया.



गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि हमले में छह हमलावर शामिल थे. स्थानीय टेलीविजन चैनलों और विस्फोट स्थल के सीसीटीवी फुटेज में अर्धसैनिक बल परिसर के गेट के सामने एक कार के रुकने की तस्वीरें दिखाई गईं. विस्फोट के बाद एक विस्फोट हुआ और गोलियों की आवाज सुनाई दी. फुटेज के अनुसार, आसपास की इमारतों की खिड़कियां टूट गईं.

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का निवेश के लिए अगला पड़ाव नार्थ-ईस्ट

- गुवाहाटी में नार्थ-ईस्ट के राज्यों के उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

**भोपाल 30 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निवेश के लिए अगला पड़ाव नार्थ-ईस्ट के राज्य होंगे, जहां वे 5 अक्टूबर को गुवाहाटी में आयोजित इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज में उद्योग जगत और निवेशकों के साथ सीधे संवाद करेंगे. यह सेशन उत्तर-पूर्व के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों और नए सेक्टरों के निवेश को मध्यप्रदेश से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है. फार्मास्यूटिकल, चाय, सीमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों के उद्योगपति इस मंच पर शामिल होंगे, जिससे दोनों क्षेत्रों में साझेदारी, निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे.**



गुवाहाटी फार्मा उद्योग का प्रमुख केंद्र है, जहां सन फार्मा, अल्केम और अजंता जैसी बड़ी इकाइयां सक्रिय हैं. इसके साथ ही सीमेंट, पेट्रोकेमिकल्स, चाय उद्योग, पर्यटन और वेलनेस, रिन्यूएबल एनर्जी और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं.

डिब्रूगढ़ में ऑयल इंडिया का मुख्यालय और भारत पेट्रो केमिकल लिमिटेड (बीपीसीएल) के प्रमुख प्रोजेक्ट हैं, तिनसुकिया चाय बागानों और लॉजिस्टिक्स का केंद्र है, जबकि जोरहाट चाय अनुसंधान और प्लांटेशन का केंद्र माना जाता है.

यह सेशन दोनों क्षेत्रों के उद्योगों के बीच साझेदारी, निवेश और भरोसे का मजबूत माध्यम मानते हैं. फार्मा, सीमेंट, पेट्रोकेमिकल्स, चाय उद्योग, पर्यटन और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में यह सहयोग नई संभावनाओं और रोजगार के अवसर पैदा करेगा. मध्यप्रदेश में सुगम निवेश प्रक्रिया और पारदर्शी नीतियां उद्योगपतियों को आकर्षित करने में मदद करेंगी और राज्य को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेश के लिए भरोसेमंद गंतव्य बनाएंगी.

**समारोह की तैयारी** ▶ डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में पीएम मोदी स्मारक डाक टिकट और सिक्का करेंगे जारी


# प्रधानमंत्री मोदी आज आरएसएस के शताब्दी समारोह में होंगे शामिल



**नई दिल्ली 30 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है. इस अवसर पर प्रधानमंत्री आरएसएस के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित करने वाला एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे. साथ ही, वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे.**

## आरएसएस के 100 साल होने पर देश में होंगे 7 प्रोग्राम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस साल दशहरा से अपना शताब्दी वर्ष कार्यक्रम शुरू कर रहा है. 2 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2026 तक देशभर में सात बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे. इनका मकसद संघ की सौ साल की यात्रा, वर्तमान चुनौतियों और समाधानों को समाज के सामने रखना है. कार्यक्रम मोहल्ले से लेकर प्रांत स्तर तक होंगे. पश्चिम बंगाल में यह क्रम नवरात्रि के पहले दिन ही शुरू हो चुका है. संघ प्रमुख मोहन भागवत इस दौरान



विदेश भी जाएंगे. वे अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में कार्यक्रमों को संबोधित कर सकते हैं. संघ प्रमुख किन देशों में जाएंगे, इसका फैसला नवंबर में जबलपुर में होने वाली कार्यकारी मंडल की बैठक में लिया जाएगा.

### ये कार्यक्रम होंगे

- **विजयादशमी उत्सव:** मंडल और बस्ती स्तर पर गणवेश वाले स्वयंसेवक व उनके परिवारों की भागीदारी. देशभर में 2 अक्टूबर से, बंगाल में महालय से शुरुआत.
- **शाखा विस्तार:** एक सप्ताह सुबह और शाम की शाखाओं का देशभर में विस्तार.
- गृह संपर्क अभियान
- जन गोष्ठियां
- हिंदू सम्मेलन
- सद्भाव बैठकें
- युवा सम्मेलन